चौथा संसार
शुक्रवार 19 मई 2023



## देशभर के महापौर इंदौर पहुंचे

# मालवा के जायके चखे स्वच्छता के गुर सीखे

नगर प्रतिनिधि

इंदौर। दुनियाभर के इवेंट की मेजबानी कर रहे इंदौर में आज सुबह से यू 20 की बैठक शुरू हुई। देशभर से आए महापौर और अधिकारियों ने सुबह इंदौर आते ही राजबाड़ा के मंदिरों से कार्यक्रमों की शुरूआत की। इंदौर के अधिकारियों ने अतिथियों के लिए सुबह हेरिटेज वाक आयोजित की। इसमें सभी अतिथियों ने इंदौर की समृद्ध परंपरा को समझा और कई सवाल पूछकर अपनी जिज्ञासा को शांत किया। सभी ने राजबाड़, कृष्णपुरा छत्री और गोपाल मंदिर का विजिट किया। इसके बाद छत्री परिसर में सभी अतिथियों ने पौधरोपण करवाया गया। हेरिटेज वाक के बाद ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों के भव्य स्वागत के साथ हुई। अब तीन अलग-अलग सत्रों में आयोजित इस कार्यक्रम में विशेषज्ञ अपनी बात भी रखेंगे। वे बताएंगे कि



कैसे कोई शहर विकास की नई इबारत रचता है। सम्मेलन में करीब 30 शहरों के महौपार पहुंचे हैं।

आईएएस कुणाल कुमार ने कहा कि हर शहर में एक संस्था को सभी कार्यों को मैनेज करने के दायित्व सौंपना चाहिए। आज सड़क, ट्रांसपोर्ट, बिजली, पानी हर विभाग अलग अलग काम कर रहा है। एक संस्था ऐसी होना चाहिए हर विभाग के काम के लिए जिम्मेदार हो और जनता के नियंत्रण में हो। जनता को पता हो कि कौन सा अधिकारी किस विभाग का काम देख रहा है और किससे सवाल पूछना है। इससे सिस्टम में पारदर्शिता बढ़ेगी। इसलिए एक संस्था को सभी विभागों को नियंत्रित करने के अधिकार देना चाहिए।

आईएएस नीरज मंडलोई ने कहा कि विकास का अर्थ है हर योजना का फायदा अंतिम इंसान तक पहुंचे। जो भी योजना हम ला रहे हैं उससे गरीब क्षेत्रों में फायदा होना चाहिए। विकास का मतलब सिर्फ चमकती हुई कारें और बड़ी इमारतें नहीं होता है। हर योजना को पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए बनाना चाहिए।

महापौर ने कहा कि इंदौर ने दुनिया के लिए यह साबित किया है कि सिर्फ एक विषय पर काम करके ही कितने क्षेत्रों में सफलता हासिल हो सकती है। इंदौर ने स्वच्छता के दम पर जो लोकप्रियता हासिल की उसने इंदौर में दुनियाभर के उद्योगों को आकर्षित किया। इसके साथ दुनियाभर के विश्वविद्यालय, निवेशक सब यहां पर आने लगे।

# सूर्य देव नगर के नागरिक बनाएंगे मंदिर के निर्माण की योजना

## अब फिर से मंदिर का निर्माण भव्य स्वरूप में किया जाएगा

इंदौर। इंदौर नगर निगम के द्वारा सूर्य देव नगर में जिस मंदिर को कल तोड़ा गया अब उसका फिर से निर्माण करने के लिए आज नागरिक भी योजना बनाएंगे। अब इस मंदिर का निर्माण भव्य स्वरूप में किया जाएगा ।निगम की ओर से कल की गई कार्रवाई के बाद क्षेत्र के लोगों के द्वारा अपने गुस्से का खुलकर प्रदर्शन किया गया । इन लोगों के साथ क्षेत्र के पार्षद और निगम की एमआईसी के सदस्य अभिषेक शर्मा बबलू ने भी सुर में सुर मिलाया । वह भी निगम के द्वारा मनमाने तरीके से की गई तोड़फोड़ की कार्रवाई के खिलाफ खड़े हुए थे । अब आज क्षेत्र के नागरिकों के द्वारा बैठकर इस बगीचे में भव्य मंदिर के निर्माण की योजना तैयार की जाएगी ।

इस बारे में अभिषेक शर्मा बबलू ने बताया कि मंदिर के निर्माण के लिए ड्राइंग डिजाइन बनाई जाएगी । ठेकेदार को तय किया जाएगा । फिर भव्य स्वरूप में मंदिर के निर्माण का भूमि पूजन कार्यक्रम होगा और उसके साथ में निर्माण शुरू किया जाएगा ।

### नागरिकों में भारी आक्रोश

नगर निगम के द्वारा कल की गई कार्यवाही के परिणाम स्वरूप नागरिकों में भारी आक्रोश है । नागरिकों के इस आक्रोश को ठंडा करने के लिए ही महापौर के द्वारा फिर से मंदिर निर्माण किए जाने की घोषणा की गई है । अब नजर केवल इस बात पर है कि कहीं पटेल नगर की तरह यहां पर भी मंदिर निर्माण की घोषणा ठंडे बस्ते में नहीं डाल दी जाए ।

## कांग्रेस की नारी सम्मान योजना



# विधानसभा 3 और 4 में पहुंचे कांग्रेसी

## एक हजार फार्म भरवाए

इंदौर। कांग्रेस की नारी सम्मान योजना के फार्म भरवाने का काम शुरू हो चुका है। कांग्रेस नेता घर-घर जाकर नारी सम्मान योजना के फॉर्म भरवा रहे हैं। इसी कड़ी में विधानसभा 3 और 4 में कांग्रेसी लोगों के घर पहुंचे और उन्हें नारी सम्मान योजना की जानकारी दी।

9 मई को कांग्रेस की नारी सम्मान योजना का शुभारंभ किया गया। इसके बाद इंदौर में कांग्रेस कार्यकताओं को इसके फॉर्म बांटे गए। फॉर्म मिलने के बाद कांग्रेसियों ने घर-घर जाकर उन्हें इस योजना की जानकारी देने और फॉर्म भरवाने का काम शुरू कर दिया है। शहर कांग्रेस प्रवक्ता विवेक खंडेलवाल ने बताया कि पूर्व सीएम कमलनाथ द्वारा 2023 में कांग्रेस सरकार आने पर नारी सम्मान योजना शुरू की जाएगी, जिसमें प्रदेश की चार करोड़ से ज्यादा महिलाओं को हर महीने 1500 रुपए और गैस की टंकी 500 रुपए महीने में देने का संकल्प लिया है। इसी संकल्प को लेकर पूरे प्रदेश में महिलाओं से फॉर्म भरवाने का काम किया जा रहा है। इंदौर में विधानसभा 3 और 4 में भी हमारे द्वारा फॉर्म भरवाए जा रहे हैं, करीब एक हजार फॉर्म हरिजन कॉलोनी, महेश जोशी नगर में महिलाओं से भरवाए गए हैं। साथ ही इस योजना की जानकारी साझा की।

## जिंसी चौराहा के प्राचीन मंशापूर्ण शनि मंदिर पर आज वट पूजा, 56 भोग एवं महाआरती

इंदौर। जिंसी चौहा स्थित प्राचीन मंसा पूर्ण शनि मंदिर पर तीन दिवसीय शनि जयंती महोत्सव का शुभारंभ गुरुवार शाम देवी अहिल्या वि.वि. कर्मचारी रामायण मंडल के सदस्यों द्वारा रामायण के सुंदरकांड की प्रस्तुति के साथ हुआ। इस अवसर पर शनि मंदिर को विशेष रूप से श्रृंगारित किया गया था। सैकड़ों भक्तों ने रामायण पाठ में शामिल होकर शनिदेव से देश और शहर में सुख, शांति एवं समृद्धि के लिए प्रार्थना की। यंग इंडिया क्लब के अध्यक्ष श्याम अग्रवाल, सतीश सेन एवं विनोद वोहरा ने बताया कि महोत्सव का मुख्य आयोजन शुक्रवार 19 मई को होगा। सुबह 8 से 10 बजे तक पूजा-अर्चना, 12 से 4 बजे तक श्रृंगार एवं वट पूजा, दोपहर 4 से 6 बजे तक यज्ञ एवं हवन, सायं 6.30 बजे छप्पन भोग दर्शन एवं सायं 7.30 बजे महाआरती के बाद संतों-महंतों के प्रवचन एवं सम्मान समारोह का आयोजन होगा। महोत्सव में हंस पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी रामचरण दास महाराज, महामंडलेश्वर रामगोपालदास महाराज, दाड़कीवाले बाबा के नाम से प्रख्यात पीपलखूंटा आश्रम के महंत दयारामदास महाराज, महामंडलेश्वर राधे राधे बाबा, अखंडधाम के महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी चेतन स्वरूप, अरण्य धाम स्कीम 78 के महंत श्रीराम महाराज फलाहारी बाबा, कबीरपंथी मंदिर जिंसी हाट के महंत नानक साहेब, धरावराधाम के महंत शुकदेवदास महाराज, वीरेश्वर हनुमान मंदिर के महंत देवकीनंददास, पवनदास शर्मा सहित अनेक संत-महंत शामिल होंगे।

## एक नजर

### मूर्तियां नहीं मिली तो आमरण अनशन

इंदौर। इंदौर के श्री बेलेश्वर महादेव झूलेलाल मंदिर के मामले में नया मोड़ आ गया। मंदिर की संघर्ष समिति और हिंदू जागरण मंच ने अब मूर्तियां वापस लेने और उन्हें स्थापित करने के लिए आंदोलन की योजना तैयार कर ली है। इस कड़ी में ये लोग पहले प्रशासन से मूर्तियां वापस देने की मांग करेंगे, अगर प्रशासन मूर्तियां नहीं देता है तो वे सड़क पर उतरेंगे और आमरण अनशन करेंगे। श्री बेलेश्वर महादेव झूलेलाल मंदिर में हुए बावड़ी हादसे के बाद प्रशासन ने यहां से मूर्तियां हटाकर दूसरे स्थान पर रख दी। लोगों ने इस मामले में कलेक्टर से लेकर सीएम तक से गुहार लगाई। सीएम ने भी जल्द ही नए मंदिर के निर्माण की बात कहीं थी, लेकिन बीच में हुई बैठकों में हुई खींचतान के बाद अब एक बार फिर ये मामला गरमाने लगा है और यहां बन रहे अस्थायी मंदिर निर्माण का काम रुक गया था। इधर, समिति के लोगों ने बताया कि कुछ दिनों पहले नगर निगम का अमला अस्थायी रूप से तैयार किए गए शेड को हटाने आया था, लेकिन लोगों के विरोध के चलते कार्रवाई नहीं की गई।

### नि:शुल्क सामूहिक विवाह समारोह 30 मई को

इंदौर। श्री नाहरसिंह बाबा सामाजिक सेवा संस्था द्वारा मंगलवार 30 मई को बड़ागणपति स्थित मोदीजी की नसिया पर नि:शुल्क सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया जा रहा है। सामूहिक विवाह समारोह में 10 जोड़े परिणय सूत्र में बंधेंगे। सामूहिक विवाह समारोह के लिए आमंत्रण व निमंत्रण का दौर अभी जारी है। श्री नाहरसिंह बाबा सामाजिक सेवा संस्था आयोजक कैलाश राठौर ने बताया कि दुल्हा-दुल्हन को गृहस्थी का सामान नि:शुल्क भेंट किया जाएगा। सामूहिक विवाह समारोह की शुरूआत सुबह 9 बजे वर निकासी के साथ की जाएगी वहीं इसके पश्चात शुभ-लग्न में विद्वान पंड़ितों के सान्निध्य में 10 जोड़े परिणय सूत्र में बधेंगे। हुकूमंचद कालोनी में सभी 10 जोड़ों को उनके माता-पिता की उपस्थिति में सूट व साड़ी संस्था के पदाधिकारियों द्वारा भेंट की गई। सामूहिक विवाह समारोह में चल समारोह भी निकाला जाएगा। जिसमें घोड़े पर दुल्हे तो वहीं बग्घियों में दुल्हन सवार रहेंगी। दुल्हनों को सोफा सेट, बर्तन, सोने का मंगल सूत्र, चांदी की पायजेब सहित गृहस्थी का सामान उपहार स्वरूप भेंट किया जाएगा।

### पांचवीं-आठवीं फेल विद्यार्थियों को एक और मौका, जून में होगी परीक्षा

इंदौर। पांचवीं-आठवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट राज्य शिक्षा केंद्र ने जारी कर दिया है, जिसमें कई विद्यार्थियों को पूरक और फेल हुए है। मगर इन्हें निराशा होने की जरूरत नहीं है, क्योंकि शासन के निर्देश पर फेल छात्र-छात्राओं को एक और मौका दिया जाएगा। अगले महीने के लिए विशेष परीक्षा होगी। इस बारे में राज्य शिक्षा केंद्र अगले कुछ दिनों में तारीख तय करेंगा। वैसे अधिकारियों के मुताबिक जून में परीक्षा प्रस्तावित है। पांचवीं-आठवीं कक्षा की परीक्षा में करीब 93 हजार विद्यार्थी इंदौर जिले से बैठे थे। 88.71 प्रतिशत पांचवीं और 78.48 प्रतिशत आठवीं का रिजल्ट रहा है। दोनों कक्षाओं में फेल विद्यार्थियं की संख्या 15 हजार है, जिसमें कुछ विद्यार्थी एक तो कुछ छात्र-छात्राएं दो-दो विषय में फेल है। इनकी पूरक और विशेष परीक्षा करवाई जाएगी। केंद्र ने अंतिम मौका देते हुए जून में परीक्षा करवाई जाएगी। इसके लिए केंद्र अपनी तरफ से प्रत्ये विषय का पेपर तैयार करेंगी, जो जिले में भेजे जाएंगे। जिला परियोजना समन्वयक को जिले में इनकी परीक्षा करवानी होगी। चूंकि जून से स्कूल शुरू होंगे। इसके लिए कुछ ही स्कूलों में परीक्षा करवाई जाएगी। स्कूलों से भी जानकारी मांगी है। अधिकारियों के मुताबिक हाई स्कूल और हाइ सेक्रेंटरी स्कूल में केंद्र रखे जाएंगे। जिला परियोजना समन्वयक अक्षय सिंह राठौर का कहना है कि फेल विद्यार्थियों को अंतिम मौका देंगे। जून में परीक्षा होगी और जुलाई में रिजल्ट देंगे। वे बताते है कि जून वाली परीक्षा में अनुत्तीर्ण होने पर विद्यार्थियों को दोबारा उसी कक्षा में प्रवेश दिया जाएगा।



## इंदौर आए कमलनाथ का एयरपोर्ट पर स्वागत

इंदौर। अपने प्रवास के दौरान गुरुवार सुबह पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ अचानक इंदौर एयरपोर्ट आए। जानकारी मिलने पर विधायक संजय शुक्ला समेत कई कांग्रेसी नेता उनकी अगवानी के लिए एयरपोर्ट पहुंचे। कुछ देर रुकने के बाद कमलनाथ रवाना हो गए।

# इंदौर की 2.63 लाख लाड़ली बहनों में से 2000 पर आपत्ति

## अब इन आपत्तियों पर सुनवाई के लिए शुरू हो रही है तैयारी

इंदौर । राज्य सरकार की महत्वकांक्षी लाडली बहना योजना में इंदौर में पंजीकृत की गई 2.63 लाख बहनों में से दो हजार के नाम पर आपत्ति आ गई है । अब नगर निगम के द्वारा इन आपत्तियों पर सुनवाई की तैयारी शुरू की जा रही है ।

सरकार की ओर से इस योजना की घोषणा किए जाने के साथ ही 23 वर्ष से 59 वर्ष तक की उम्र की महिलाओं के पंजीयन का अभियान शुरू किया गया था । इस अभियान के दौरान सभी नगर निगम से कहा गया था कि वह नगरीय क्षेत्र में बहुत ज्यादा कोशिश करते हुए अधिक से अधिक महिलाओं का पंजीयन कराएं । इंदौर नगर निगम के द्वारा शहर भर में स्थित 85 वार्ड में शिविर लगाकर महिलाओं के पंजीयन का कार्य किया गया । हर वार्ड में दो स्थानों पर शिविर लगाए गए । पूरे शहर में 170 स्थानों पर शिविर का आयोजन किया गया । इस शिविर के माध्यम से 2.63 लाख महिलाओं का पंजीयन किया गया । उक्त पंजीकृत महिलाओं के नाम की सार्वजनिक सूची का प्रकाशन भी कर दिया गया था ।

सूची पर ऑनलाइन दावे आपत्ति बुलाने का कार्य किया गया था । इस कार्य मैं इस बार यह प्रावधान किया गया था कि जो भी व्यक्ति किसी के नाम पर आपत्ति लेगा तो उसकी पहचान गोपनीय नहीं रह सकेगी । यह नियम बना दिए जाने के परिणाम स्वरूप यह संभावना जताई जा रही थी कि इस बार बहुत ही कम दावे आपत्ति आएंगे । अब दावे आपत्ति का समय समाप्त हो चुका है । इंदौर शहर में पंजीयन कराने वाली लाडली बहनों में से 2000 के नाम पर आपत्ति आ गई है । अब इन आपत्ति की सुनवाई कर उनका निराकरण करने का काम शुरू किया जाएगा । इसके लिए निगम के द्वारा तैयारी शुरू कर दी गई है ।

# डीपी आभूषण लिमिटेड ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए वित्तीय परिणामों की घोषणा की

इंदौर। डीपी आभूषण लिमिटेड ने 31 मार्च 20253 को समाप्त चौथी तिमाही और वर्ष के परिणाम घोषित किए। उक्त तिमाही के लिए कंपनी का कुल राजस्व रुपए 385 करोड़ और EBIDTA रुपए 10.36 करोड़ रहा। संपूर्ण वित्तीय वर्ष के लिए कंपनी का कुल राजस्व रुपए 1975 करोड़ रहा जो कि पिछले वित्तीय वर्ष में 1732 करोड़ था।

डीपी आभूषण लिमिटेड ने वित्तीय वर्ष 2022-23 की परिचालन से कुल राजस्व 14 प्रतिशत और कर के बाद अपने शुध्द लाभ में 11 प्रतिशत की वृध्दि की। डीपी आभूषण लिमिटेड केवल एक कंपनी नहीं है, यह 83 साल से अधिक पुरानी विरासत है जो वर्तमान में चौथी पीढ़ी के प्रमोटरों के हाथों में जो ग्राहकों की संतुष्टि और उच्च गुणवत्ता वाले आभूषणों को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहे हैं। कंपनी के राजस्थान और मध्यप्रदेश में 8 शहरों में शोरुम है।

## सदगुरू सत्यनाथ शताब्दी महोत्सव कल से

इंदौर। साउथ तुकोगंज स्थित श्रीनाथ मंदिर संस्थान पर शनिवार 20 मई से सोमवार 22 मई तक सदगुरू श्री माधवनाथ महाराज के नाती, औरंगाबाद जिले के देवगांव रंगारी निवासी सदगुरू श्री सत्यनाथ महाराज का तीन दिवसीय जन्म शताब्दी महोत्सव मनाया जाएगा। सदगुरू सत्यनाथ महाराज ने अपना संपूर्ण जीवन सदगुरू श्री माधवनाथ महाराज की सेवा में समर्पित कर उनके सेवा प्रकल्पों को आगे बढ़ाने और उनके संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने में महती भूमिका निभाई।

# ज्वलंत मुद्दों पर आम आदमी की जुबां है कार्टून

इंदौर। ज्वलंत मुद्दों पर हर आदमी की जुबां है कार्टून। बेहतर कार्टून वह होता है जिसको शब्दों की जरूरत नहीं पड़े। बड़ी घटनाओं पर जो काम लंबे आलेख नहीं कर सकते, वह काम कार्टून कर गुजरता है। यह बात स्टेट प्रेस क्लब, मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित कार्टून एवं पेंटिंग कार्यशाला के चार दिवसीय कार्यशाला के समापन अवसर पर अतिथियों ने कही। कार्यक्रम में एमआईसी मेंबर राजेश उदावत, वरिष्ठ पत्रकार सुभाष खंडेलवाल, समाजसेवी अशोक बंसल, गजेन्द्र वैष्णव एवं अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यशाला के प्रशिक्षक वरिष्ठ कार्टूनिस्ट देवेन्द्र शर्मा ने कहा कि भारत के महान कार्टूनिस्ट केशव शंकर पिल्लई बाल्यकाल से कार्टूनिस्ट बनना चाहते थे। इस अवसर पर अतिथियों ने आरना गुप्ता प्रथम, उज्ज्वल मुजालदा द्वितीय, युवान यादव तृतीय एवं आराध्या जैन का सम्मान किया। प्रारंभ में अध्यक्ष प्रवीण कुमार खारीवाल ने स्वागत उद्बोधन दिया। कार्यक्रम का संचालन मुख्य महासचिव नवनीत शुक्ला ने किया।



# लालबाग के सामने शराब की दुकान का निगम ने बनाया चालान

## कचरा फैलाने के कारण लगाया 20000 का जुर्माना

इंदौर । इंदौर नगर निगम की टीम के द्वारा लालबाग की शराब की दुकान का चालान बना दिया गया है । इस दुकान के संचालक के द्वारा कचरा फैलाए जाने के कारण उस पर 20000 रु का जुमार्ना लगाया गया है ।

नगर निगम की ओर से अब 2 माह बाद होने वाले स्वच्छता सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुए स्वच्छता की स्थिति को एक बार फिर बेहतर करने के लिए काम शुरू कर दिया गया है । इसके तहत निगम की ओर से अब कचरा फैलाने वाले गंदगी करने वाले लोगों को चेतावनी देने और समझाई देने का काम किया जा रहा है । चेतावनी के बाद भी किन स्थानों पर कचरा एवं गंदगी फैली हुई मिल रही है , वहां पर चालान बनाने की कार्रवाई को भी अंजाम देना शुरू कर दिया गया है ।

### दुकान के बाहर कचरा फैला हुआ था

इस कड़ी में नगर निगम की टीम को लालबाग की ऐतिहासिक इमारत के ठीक सामने स्थित शराब की दुकान पर पहुंची । दुकान के बाहर शराब पीने वालों के द्वारा रखे गए सामान का कचरा फैला हुआ था । वहां पर बहुत सारी गंदगी भी हो रही थी । एक दुकान के संचालक को 2 दिन पूर्व भी निगम के द्वारा चेतावनी दी गई थी इस चेतावनी का कोई असर नहीं हुआ है । ऐसी स्थिति में निगम के द्वारा शराब की दुकान का चालान बना दिया गया । दुकान पर मौजूद महेश जैसवाल के नाम पर चालान की रसीद काटी गई और 20000 का जुमार्ना वसूल किया गया । इसके साथ ही निगम के द्वारा चेतावनी दी गई है कि अब भी यदि सुधार नहीं किया गया तो अगली बार चालान बनाया जाएगा उसमें जुमार्ना भारी-भरकम लगाया जाएगा ।

### उद्योगों पर रखेंगे हर दिन नजर

इसके साथ ही निगम के द्वारा तय किया गया है कि सागर रोड पर स्थित औद्योगिक क्षेत्र में संचालित होने वाले उद्योगों पर हर दिन नजर रखी जाएं । जिस भी उद्योग के द्वारा औद्योगिक जल को व्यवस्थित तरीके से निपटान करने के बजाए निगम की लाइन में डालने का काम किया जाए उन पर कार्रवाई की जाएं । कल भी निगम ने एक उद्योग का चालान बनाकर उस पर 50000 का जुमार्ना लगाया था । अब ऐसी कार्रवाई लगातार की जाएगी ।